## विकसित कृषि संकल्प अभियान में भा.कृ.अनु.प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान की प्रतिभागिता पर रिपोर्ट

भा.कृ.अनु.प.–केंद्रीय मात्स्यिकी शिक्षा संस्थान विकसित कृषि संकल्प अभियान, जो किसानों के ज्ञान और आधुनिक कृषि पद्धतियों के बीच के अंतर को मिटाने के लिए भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार का एक राष्ट्रव्यापी सहयोगात्मक प्रयास है, का एक प्रमुख प्रतिभागी है । इसका उद्देश्य देश के 700 जिलों में लगभग 1.5 करोड़ किसानों से सीधे जुड़ना है। यह कार्यक्रम 29 मई को शुरू हुआ और 12 जून 2025 तक चलेगा, जिसमें 2000 से अधिक वैज्ञानिक दलों की मदद से कृषक समुदायों तक पहुँचा जाएगा। दिनांक 28 मई 2025 को भा.कृ.अनु.प.–के.मा.शि.सं. के निदेशक डॉ. एन.पी. साहू ने संस्थान के सत्ताईस वैज्ञानिकों के समूह को रवाना किया, जो वर्तमान में कृषि विज्ञान केंद्र, कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थान और भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अन्य संस्थानों के वैज्ञानिकों की टीमों के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश और पश्चिम बंगाल के गांवों में उत्पादन और ग्रामीण आजीविका में सुधार के लिए किसानों को जलीय कृषि तकनीकों का प्रसार करने के लिए यात्रा कर रहे हैं। आंध्र प्रदेश में, काकीनाडा के गांवों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। गुजरात में, कार्यक्रम में तापी, वडोदरा, वलसाड और नवसारी जिले शामिल हैं। महाराष्ट्र में, रत्नागिरी, रायगढ़, पालघर और सिंधुदुर्ग जिलों के गांवों को शामिल किया जा रहा है। पश्चिम बंगाल में, सीआईएफई के वैज्ञानिक कोलकाता, हावड़ा, मुर्शिदाबाद, नादिया, उत्तर 24 परगना और दक्षिण 24 परगना जिलों को शामिल किया गया है।

इस व्यापक संपर्क कार्यक्रम का उद्देश्य कृषि नवाचारों को बढ़ावा देना और किसानों से सीधे संवाद को सुविधाजनक बनाना है, ताकि वे नई तकनीकों और सरकारी योजनाओं को प्रभावी ढंग से अपना सकें। यह कार्यक्रम भविष्य के अनुसंधान और नवाचारों के लिए किसानों से फीडबैक एकत्र करने में भी मदद करेगा।




**Viksit Sankalp Yatra Highlights 29.05.2025**


Viksit
sankalp
yatra
Kastadanga, West Bengal, India
Lanja, Maharashtra, India
Jambad, West Bengal, India
Jalwai, Maharashtra, India
Jambad, West Bengal, India
Bandhgar, West Bengal, India
Dahanu, Maharashtra, India
Bongabari, West Bengal, India
Gautamgaon, Maharashtra, India
Barasat, West Bengal, India
Gautamgaon, Maharashtra, India
Gautamgaon, Maharashtra, India
Kundulia, West Bengal, India


VIKSHIT KRISHI
SANKALP ABHIYAN
29th May to 12th June, 2025
विकसित कृषि संकल्प अभियान
29 मई - 12 जून 2025
Gowade, Maharashtra, India
@icar-cife
@CIFEMumbai
@CIFE
@www.cife.edu.in